PUBLICATION NAME :	Rajasthan Patrika
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	15/10/24
PAGE :	2

ईडीआईआई में गरबा पर थिरके विदेशी नागरिक

अहमदाबाद @ पत्रिका. भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) में नवरात्रि के दौरान आयोजित गरबा महोत्सव में विदेशी नागरिक भी थिरके। उन्होंने यहां डांडिया खेला। दरअसल संस्थान में डिजिटल युग में उद्यमिताः माइक्रो उद्योग का विकास विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में 21 देशों के 29 व्यक्ति भाग ले रहे हैं। विदेश मंत्रालय के सहयोग से यह कार्यक्रम हो रहा है। ऐसे में इन प्रतिनिधियों को भारतीय और गुजराती संस्कृति से रूबरू होने का भी अवसर मिला। उन्होंने गुजरात के परिधान भी पहने थे।